
# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

## द्वारा

## मधुबन बापूधाम, इन्द्रिापुरम, चन्द्रशिला,इन्द्रप्रस्थ एवं कोयल एन्कलेव आवासीय भवनों की योजना



## ऑनलाईन पंजीकरण हेतु

पंजीकरण प्रारम्भ
15–11–2019 से

पंजीकरण समाप्त
14–12–2019 तक

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
## गाजियाबाद–201 001 (उ.प्र.)

# GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
## GHAZIABAD 201001 (U.P.)

**1.00 योजना का नाम**

गाजियावद विकास प्राधिकरण की मधुवन–वापूधाम योजना में LIG, MINI MIG, बहुमंजिले, इन्दिरापुरम में MINI MIG, चन्द्रशिला में वहुमंजिले, कोयल एनकलेव में वहुमंजिले, इन्द्रप्रस्थ में बहुमंजिलें भवनों के आवंटन हेतु पंजीकरण

**2.00 योजना का कोड**

| | |
|---|---|
| मधुबन–बापूधाम भवनो का योजना कोड– | 875 |
| इन्द्रिरापुरम भवनो का योजना कोड– | 876 |
| चन्द्रशिला भवनो का योजना कोड– | 877 |
| इन्द्रप्रस्थ भवनो का योजना कोड– | 878 |
| कोयल एन्कलेव भवनो का योजना कोड– | 879 |

**3.00 योजना का विवरण**

**3.10 स्थिति**

उक्त भवन प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में स्थित है।

**3.20 भवनों के प्रकार**

इस योजना में विभिन्न साईज के भवन है। भवनों का विवरण तालिका संख्या 1 में दिया गया है।

**3.30 भवनों का अनुमानित क्षेत्रफल**

भवनों का क्षेत्रफल विभिन्न प्रकार के फ्लैटों के लिए तालिका संख्या 1 के कालम सं.–6 में दर्शाया गया है। यह क्षेत्रफल कब्जे के समय भिन्न हो सकता है।

**3.40 भवनों की अनुमानित संख्या**

भवनों की संख्या का विवरण तालिका संख्या–1 के कालम संख्या 10 में दर्शाया गया है। भवनों की संख्या में बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तन किया जा सकता है।

**3.50 भवनों का अनुमानित मूल्य**

भवनों का अनुमानित मूल्य तालिका संख्या 1 के कॉलम संख्या 7 में दर्शाया गया है। यह तालिका संख्या 1 के कॉलम संख्या 6 पर दर्शाये गये क्षेत्रफल पर आधारित है, तथापि इससे फ्लैट की अन्तिम लागत सही क्षेत्रफल के अनुसार भिन्न हो सकती है।

**4.00 ग्राह्यता**

4.10 आवेदक भारत का नागरिक हो।

4.20 योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि पर आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम न हो।

**1.00 SCHEME NAME :**

Registration for allotment of MINI MIG, LIG flats residential in Madhuban-Bapudham and Indirapuram MINI MIG, Chandrashila Multi stories, Koyal Enclave Multi stories and Inerprastha scheme of Ghaziabad Devlopment Authority.

**2.00 THE SCHEME CODE**

| | |
|---|---|
| Madhuban-Bapudham Flats Scheme Code is- | 875 |
| Indirapuram Flats Scheme Code is- | 876 |
| Chandrashila Flats Scheme Code is- | 877 |
| Inderprastha Flats Scheme Code is- | 878 |
| Koyal Enclave Flats Scheme Code is- | 879 |

**3.00 SCHEME DETAILS :**

**3.10 LOCATION**

These flats are situated between in the Developed area of the authority.

**3.20 TYPES OF FLATS**

Different types of flats are available under this scheme. The details of flats are given in Table No. 1.

**3.30 ESTIMATED AREA OF FLATS :**

Area of flat of different type has been mentioned in col. No. 6 of Table No. 1 This area may vary at the time of Possession.

**3.40 ESTIMATED NUMBER OF FLATS**

Details of No. of flats are given in col. 10 of Table No. 1. Number of flats can be changed without any prior information.

**3.50 ESTIMATED COST OF FLATS**

Cost of Flats has been mentioned in Col. No. 7 of Table No. 1. This is based on area given in Col. No.6 of Table No. 1, however, the final cost of flat may vary depending on the exact area.

**4.00 ELIGIBILITY**

4.10 The applicant must be a citizen of India.

4.20 Applicant should not to less then 18 years on the last date of submission of application form.

4.30 आवेदक या उसके परिवार (परिवार का तात्पर्य आवेदक, उसके पति/पत्नी तथा अवयस्क बच्चों से है) के पास प्रश्नगत अभिकरण के विकास क्षेत्र में विकास प्राधिकरण, आवास–विकास, सहकारी समिति आदि द्वारा विकसित कॉलोनियों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत कोई अपना भूखण्ड/भवन नहीं होना चाहिए तथा उत्तर प्रदेश के अन्य किसी नगर अथवा शहरी क्षेत्र में उपरोक्त अभिकरणों द्वारा विकसित कॉलोनियों में एक से अधिक भूखण्ड/भवन नहीं होना चाहिए।

4.40 जिन व्यक्तियों ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पहले से ही पंजीकरण करवाया हुआ है, तथा अभी आवंटन नहीं हुआ है ऐसे व्यक्ति भी निर्धारित पंजीकरण शुल्क जमा करा कर आवेदन कर सकते हैं किन्तु उन्हें इस योजना के अंतर्गत अन्य लोगों के समकक्ष ही माना जायेगा। ऐसे आवेदकों को अपने पूर्व पंजीकरण व योजनाओं का स्पस्ट उल्लेख आवेदन में करना होगा।

4.50 यदि किसी व्यक्ति (व्यक्ति विशेष) अथवा परिवार के आश्रित सदस्यों में से किसी भी एक सदस्य का एक से ज्यादा योजना में आवंटन हो जाता है तो वह व्यक्ति आवंटित सम्पत्ति में से मात्र एक सम्पत्ति को ही रख सकता है, अन्य आवंटित सम्पत्तियों के विरूद्ध जमा धनराशि बिना किसी कटौती के वापिस कर दी जायेगी।

**5.00 आवेदन कैसे करें**

योजना के आवेदन पत्र विकास प्राधिकरण की वेवसाईट www.gdaghaziabad.com में दिये गये लिंक जनहित गारंटी (https:// janhit. upda.in) पर आनलाईन भरे जायेगें तथा आवेदन पत्र की कीमत रु. 1100/- ऑनलाईन भुगतान एच.डी.एफ.सी. बैंक, डी–44, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियावाद के माध्यम से किया जायेगा।

5.10 अपूर्ण अथवा गलत भरे गये आवेदन पत्र विना किसी सूचना के निरस्त कर दिये जायेंगे।

**6.00 पंजीकरण राशि एवं पंजीकरण शुल्क**

तालिका–1 के कालम संख्या 8 व 9 में दर्शायी गई धनराशि का भुगतान आवेदन पत्र के साथ अनुच्छेद 5.00 में वर्णित वैंक एच.डी.एफ.सी बैंक के माध्यम से ऑनलाईन जमा करना होगा। पंजीकरण राशि के साथ रू0 50/- पंजीकरण शुल्क तालिका 1 के कालम 8, 9 में सम्मिलित है रू0 50/-पंजीकरण शुल्क किसी भी दशा में वापिस नहीं होगा।

**6.10 आवंटन धनराशि**

लॉटरी ड्रॉ के आधार पर सफल आवेदकों को आवंटित भवन के अनुमानित मूल्य का 20 प्रतिशत धनराशि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 2 माह की अवधि के अन्दर ऑन लाईन अथवा पे–आर्डर/बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करानी होगी, जिसमें आवेदन पत्र के साथ जमा की गई पंजीकरण राषि (पंजीकरण षुल्क रु. 50/- को छोड़कर) समायोजित कर ली जायेगी।

4.30 The applicant or his/her family (family means applicant, his wife/her husband and minor children) must not own any residential plot/house in any colony developed by Development Authority, Housing Board, Improvement Trust, any local body, co-operative society within National Capital Region. He/she must also not hold more than one plot/house developed by above said bodies in any other city/town of U.P.

4.40 Persons who are already registered with the G.D.A. under its schemes may also apply under Ibis scheme by paying registration amount, such applicants will be considered at par with others in this scheme. These applicants must clearly mention their old registration number and scheme details.

4.50 If a person or his/her family gets allotment in more than one scheme, he/she will get full refund of the money deposited for all other properties without any deduction except one which he/she wants to retain.

**5.00 HOW TO APPLY**

The application form is to be filled and submitted online on website **www.gdaghaziabad.com**, on Janhit Garantntee (https:// janhit. upda.in) the cost of the form will be Rs. 1100/- and it will be paid through HDFC Bank D- 44, RDC, Rajnagar, Ghaziabad.

5.10 Incomplete or incorrect application forms will be cancelled without making any reference or intimation to the applicant.

**6.00 REGISTRATION AMOUNT & REGISTRATION FEE**

The amount shown in Table No. 1 Column 8 & 9 has to be submitted by way of the filled application form. Through HDFC Bank, Registration amount of Rs. 50/- is included in the figure shown in table one column 8 and 9. Registration amount Rs. 50/- is non refundable.

**6.00 ALLOTMENT AMOUNT**

Successful candidates in lottery draw will have to deposit 20% of the cost of the flat, in cash or Bank draft, within two month from the date of issue of allotment letter. The registration amount (excluding registration fee Rs. 50/-) paid at the time of registration will be adjusted .

6.20 **किश्तें**

आवंटन पत्र जारी होने के उपरांत शेष 80 प्रतिशत धनराशि 12 तिमाही किश्तों में 10.5 प्रतिशत ब्याज सहित देय होगी। ब्याज को किश्तों में जोड़कैर भुगतान विवरण तैयार किया जाएगा। ब्याज की गणना रुपए के निकटतम पूर्णांक में होगी। किश्तों से संबंधित धनराशि नगद/बैंक ड्राफ्ट द्वारा विजया बैंक, नवयुग मार्केट, पी.एन.वी. अम्बेडकर रोड़, मोहन नगर एवम् ओ.बी.सी., लोहिया नगर, एच.डी.एफ.सी. बैंक में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक बैंक में उपलब्ध निर्धारित चालान फार्म पर जमा किया जा सकता है। एवं प्राधिकरण की वेब साईट **www.gdaghaziabad.com** पर भी जमा की जा सकती है ड्राफ्ट **उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में देय गाजियाबाद** में भुगतान योग्य होना चाहिए। किसी भी दशा में चैक स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6.30 आवंटन राशि/किश्तों के भुगतान हेतु देय राशि की निर्धारित तिथि के बाद एक माह की अनुग्रह अवधि दी जाएगी तथापि यदि देय तिथि को किश्त की किसी भी पिछली धनराशि का भुगतान शेष रहता है तो अग्रिम किश्त पर कोई अनुग्रह अवधि नहीं दी जाएगी तथा भुगतान की मूल देय तिथि से 13.5 प्रतिशत दण्ड ब्याज का भुगतान करना होगा।

6.40 **एकमुश्त भुगतान पर छूट**

आवंटी द्वारा भवन की कुल कीमत का आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 60 दिनों में अवशेष धनराशि एकमुश्त भुगतान करने पर भवन के कुल मूल्य पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी । एल.आई.जी. भवनों पर यह मान्य नहीं है।

6.50 **पैनल ब्याज**

यदि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को देय धनराशि का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर नहीं किया जाता है तो 13.5 प्रतिशत की वार्षिक दर से पैनल ब्याज सहित देय राशि का भुगतान करना होगा। पैनल ब्याज की गणना प्रतिदिन के हिसाब से की जाएगी।

7.00 **समर्पण/निरस्तीकरण**

7.10 सामान्य परिस्थिति में लॉटरी ड्रॉ से पूर्व पंजीकरण धनराशि वापस नहीं की जायेगी। ड्रॉ से पूर्व पंजीकरण धनराशि वापसी के संबंध में **उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण** का निर्णय अंतिम होगा।

6.20 **INSTALMENTS**

After the allotment, balance 80% amount shall be payable in 12 quarterly instalments with 10.5% interest. The instalments shall be fixed including the interest . Interest shall be calculated in round figure. Instalments can be deposited On-line GDA Web Site www.gdaghaziabad.com & PNB Mohan Nagar, Ambedkar Road, Indirapuram, OBC Bank Lohiya Nagar in any branches of **ICICI Bank**, or branches of **Vijaya Bank,** Navyug Market, on any working day during 10 am to 2 pm on prescribed challan from the bank. Bank Draft/payorder must be in favour of **Vice-Chairman, G.D.A. payable at Ghaziabad** Payment made through cheque will not be accepted.

6.30 Grace period of one month shall be given for payment of allotment amount/instalments after the due date. However, if any previous amount of instalment stands unpaid on the due date, no grace period will be admissible on the current instalment. If the payment is made after grace period, 13.5% interest shall be payable w.e.f. the original due date of payment. Grace period is allowed only for the installments. Applications for extension of time for payment of allotment and installments amount shall not be entertained.

6.40 **ONE TIME PAYMENT DISCOUNT**

5% discount will be given in case the balance payment is made within 60 days from the issuing date of the allotment letter. This facility will not be applicable in case of any late payment. Invalid for LIG Houses.

6.50 **PANEL INTEREST**

If the amount payable to Ghaziabad Development Authority is not paid within time, penal interest @ 13.5% per annum shall be payable along with the payable amount. Panel interest will be calculated on day basis.

7.00 **SURRENDER/CANCELLATION**

7.10 In normal circumstance the registration amount will not be refunded before lottery draw. For refund For refund of registration amount before the draw of lottery, the decision of **Vice Chairman, GDA,** will be final.

7.20 यदि किसी आवेदक द्वारा आवंटित भवन का समर्पण आवंटन तिथि के 6 माह के अंदर किया जाता है तथा नियम व शर्तों का उल्लंघन नहीं करता है, तो उस स्थिति में पंजीकरण राशि की 10 प्रतिशत धनराशि कटौती कर शेष धनराशि बिना ब्याज के वापस कर दी जायेगी। धनराशि वापसी हेतु समस्त मूल प्रपत्र व मूल रसीद देनी होगी।

7.30 यदि किसी आवेदक द्वारा आवंटित भवन का समर्पण आवंटन तिथि के 6 माह के अन्दर किया जाता है परन्तु आरक्षण राशि व देय किश्त जमा नहीं करता है अथवा किसी अन्य नियम व शर्तों के उल्लंघन के आधार पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटन निरस्त कर दिया जाता है तो पंजीकरण राशि की 25 प्रतिशत धनराशि जब्त कर ली जायेगी और शेष धनराशि बिना ब्याज के वापस कर दी जायेगी।

7.40 आवंटन तिथि से 6 माह के पश्चात किसी भी प्रकार के समर्पण/निरस्तीकरण की दशा में सम्पूर्ण पंजीकरण धनराशि जब्त कर ली जाएगी और शेष धनराशि यदि कोई हो तो बिना ब्याज के वापस कर दी जाएगी।

7.50 यदि आवंटी कब्जे की निर्धारित तिथि तक भवन का कब्जा नहीं लेता है तो रु. 1500/- प्रतिमाह चौकीदारी शुल्क देय होगा तथा प्रत्येक वर्ष इस शुल्क में 01 अप्रैल से 10 प्रतिशत की स्वतः बढ़ोतरी की जाती रहेगी एवं 3 माह तक कब्जा न लेने पर आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा एवं धारा 7.40 के अनुसार कटौती कर शेष धनराशि बिना ब्याज के वापस कर दी जायेगी।

7.60 भुगतान विवरण के अनुसार 3 त्रैमासिक किश्तें लगातार अदा न करने पर भवन का नियमानुसार आवंटन निरस्त करने का अधिकार प्राधिकरण को होगा।

**8.00 आय कोड**

LIG भवनो के लिए आय रु. 3.00 से 6.00 लाख होना चाहिए इसका आय कोड 03 है। आवेदनकर्ता को राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। योजना के समय आय प्रमाण पत्र वैद्य होना चाहिए। इसके अलावा योजना के अन्य भवनों में कोई आय सीमा निर्धारित नहीं हैं एवं आय कोड 01 है।

**9.00 कोटा**

9.10 शासनादेश के अनुसार निम्नानुसार आरक्षण की सुविधा दी जायेगी।

7.20 If any applicant surrenders the allotted flat within 6 months of allotment and he/she is not a defaulter on account of any breach of any terms and conditions, then 10% of the registration amount shall be forfeited and the balance amounts shall be refunded without any interest. All original documents and receipt will have to be submitted for refund.

7.30 If any applicant surrenders the allotted flat within 6 months of allotment but does not pay allotment money and due installment amount or breaches any term & conditions or his allotments is cancelled by G.D.A. on account of any breach of any terms and conditions, then 25% of the allotment amount shall be forfeited and the balance amount shall be refunded without any interest

7.40 In case of any surrender/cancellation after 6 months from the date of allotment, the whole of registration money shall be forfeited and balance amount, if any, shall be refunded without interest.

7.50 If the allottee does not take the possession of the flat on due date, Chowkidari charge @ Rs. 1500/- per month shall be charged and will be increased automatically by 10% every year from 01 April. In case the possession is not taken till three months from the due date, allotment shall be cancelled and action shall be taken as per clause 7.40 and balance amount would be refunded without interest.

7.60 The authority shall have the right to cancel the allotment of flat as per rule if there is default in payment of three consecutive instalments according to the payment schedule.

**8.00 INCOME CODE**

This Scheme LIG Flats maximum Income 3.00 to 6.00 lac for all sources of the family Income code is 03 applicant required Income certificate at time of submission. Each applicant is required to produce the income certificate issued by the competent Authority of the State Govt. otherwise no income limit boundation for other scheme and income code is 01.

**9.00 QUOTA**

9.10 As per Govt. order reservation facility will be given in following way:

| क्र.सं. | श्रेणी | कोड | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति | 02 | 21% |
| 2. | अनुसूचित जन जाति | 03 | 2% |
| 3. | अन्य पिछड़ा वर्ग | 04 | 27% |
| 4. | रक्षा कार्मिक एवं सरकारी कर्मचारी जिनकी आयु 50 वर्ष से अधिक हो | | |
| | (क) रक्षा कार्मिक | 05 | 5% |
| | (ख) सरकारी कर्मचारी | 06 | |
| 5 | (क) स्वतंत्रता सेनानी | 08 | 5% |
| | (ख) संसद सदस्य, विधानसभा/विधान परिषद सदस्य | 09 | |
| 6. | (क) उ.प्र. विकास प्राधिकरर्ण कर्मच | 10 | 2% |
| | (ख) सिटी बोर्ड कर्मचारी | 11 | |
| | (ग) उ.प्र. नगर निगम कर्मचारी | 12 | |
| | (घ) उ.प्र. जल संस्थान कर्मचारी | 13 | |
| | (ड) उ.प्र. हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी | 14 | |
| | (च) उ.प्र. नगर एव ग्राम नियाज के कर्मचारी (उ.प्र. नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के वे कर्मचारी सम्मिलित होंगे जिन्होंने कम से कम 10 वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो) | 15 | |
| | (छ) आवास बन्धु उ.प्र. कर्मचारी (आवास बन्धु उ.प्र. के वे कर्मचारी सम्मिलित होंगे जिन्होंने कम से कम 2 वर्ष निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो) | 16 | |
| 7. | भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित | 17 | 3% |

**9.20 क्षैतिज आरक्षण**

1. विकलांग आवदेकों को शासनादेष स. 786/8–1–08–25 विविध/07 दिनाकं 30.01.2008 एव 3645/8–1–2011–25 विविध/07 दिनांक 19.12.2011 के अनुसार कुल घोषित भवनों की संख्या का 3 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा। विकलांग आवेदकों को विकलांग होने का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

2. वरिष्ठ नागरिकों को कुल घोपित भवनों की संख्या का 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा। ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को वरिष्ठ नागरिक होने से संबंधी आयु प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा एवं आवेदन पत्र में आरक्षित कोटा कोड भी भरना अनिवार्य होगा। वरिष्ठ नागरिक से तात्पर्य यह है कि योजना प्रारंभ होने की तिथि को उसकी आयु 60 वर्ष से कम न हो।

| S.No. | Quota Description | Code | Percentage |
|---|---|---|---|
| 1. | Scheduled Caste | 02 | 21% |
| 2. | Scheduled Tribe | 03 | 2% |
| 3. | Other Backward Class | 04 | 27% |
| 4. | Defence Persons, Persons in Govt. Service who have Attained the age of 50 years. | | |
| | (a) Defence Persons | 05 | 5% |
| | (b) Persons in Govt. Servic | 06 | |
| 5. | (a) Freedom Fighters | 08 | 5% |
| | (b) MP/MLA/MLC | 09 | |
| 6. | (a) U.P. Development Authority Employees | 10 | 2% |
| | (b) U.P. Municipality/City Board Employees | 11 | |
| | (c) U.P. Nagar Nigam Employees | 12 | |
| | (d) U.P. Jal Sansthan Employees | 13 | |
| | (e) U.P. Jal Sansthan Employees | 14 | |
| | (f) U.P. City Village planning's Employees (Those employees of U.P. 15 City& Village planning Department, who have finished minimum 10 years In regular service will be included.) | 15 | |
| | (g) Awas Bandhu of U.P. Employees (Those employees of Awas Bandhu of U.P. who have finished minimum 2 years in regular service will be included.) | 16 | |
| 7. | Ex-Servicemen and their dependents | 17 | 3% |

**9.20 Horizontal Reservation**

1. As per GO No. 786/8-1-08-25 vividh/07 dated 30.01.2008 and GO No. 3645/8-1-2011-25 vividh/07 dated 19.12.2011, handicapped applicants will be given 3% horizontal reservation of total flats. Such applicants are required to produce certificated of their being handicapped.

2. Senior citizens will also get 10% horizontal reservation of total declared flats. Such applicants are required to produce age certificate with regard to senior citizen and enter quota code in application form. Senior citizen implies those applicants who are not below 60 years on the date of start of scheme.

9.30 विकलांग अथवा वरिष्ठ नागरिक होने का सक्षम अधिकारी से जारी प्रमाण पत्र संलग्न न किये जाने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा और ड्रा में सम्मलित नहीं किया जायेगा।

## 10.00 सामान्य आवेदक

आरक्षित श्रेणी के आवंटन के पश्चात शेष भवनों का आवंटन सामान्य श्रेणी के अंतर्गत पंजीकृत आवेदकों के मध्य नियम 11.00 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

## 11.00 ड्रा प्रक्रिया

11.10 योजना का लॉटरी ड्रॉ लगभग छः माह में किया जाना प्रस्तावित है।

11.20 योजना के ड्रा के समय उपस्थित रहने के इच्छुक आवेदकों की उपस्थिति में मैन्यूअल प्रक्रिया द्वारा ड्रॉ निकालकर भवन का आवंटन किया जाएगा। लाटरी की तिथि एवं स्थान की सूचना व्यक्ति विशेष को अलग से नहीं दी जायेगी। उक्त सूचना का प्रकाशन समाचार पत्रों/वेवसाइट के माध्यम से किया जाएगा। किसी भी आवेदक द्वारा किसी भवन विशेष हेतु कोई भी दावा स्वीकार नहीं होगा।

## 12.00 असफल आवेदक

12.10 जिन आवेदकों को भवन आवंटित नहीं हो पाते हैं और जिनकी जमा राशि एक वर्ष से कम अवधि के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पास जमा है उन्हें पंजीकरण राशि बिना ब्याज के वापिस कर दी जाएगी।

12.20 यदि प्राधिकरण द्वारा इस योजना का ड्रा पंजीकरण की अंतिम तिथि के एक वर्ष के अन्दर कर लिया जाता है तो जमा पंजीकरण राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। यदि ड्रा एक वर्ष पश्चात किया जाता है तो पंजीकरण की अन्तिम तिथि से ड्रा की तिथि तक 3.5 प्रतिशत साधारण ब्याज देय होगा।

12.30 असफल आवेदकों को पंजीकरण राशि आवेदक के बैंक खाते में एक माह के वाद ऑनलाईन अथवा बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा संबंधित बैंक की नोडल शाखा के माध्यम से वापस कर दी जाएगी।

## 13.00 मिथ्या अभ्यावेदन अथवा तथ्यों का छुपाना

यदि यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा गलत सूचनाएं दी गई है अथवा उसने किन्ही वास्तविक तथ्यों को छुपाया है तो पंजीकरण के साथ–साथ भवन का आवंटन आवेदक को बिना बताये निरस्त कर दिया जाएगा तथा उसे भविष्य में होने वाले ड्रा से वंचित कर दिया जाएगा एवं पंजीकरण राशि को जब्त कर लिया जाएगा।

9.30 In case the applicant fails to produce 'handicapped' or 'Senior citizen' certificate and other required documents issued by competent authority, the application will be declared invalid.

## 10.00 GENERAL APPLICANTS

After allotment of reserved category, remaining flats shall be allotted to the persons registered under general category as per provision of point 11.00 of brochure

## 11.00 DRAW PROCEDURE

11.10 Lottery Draw of the scheme is proposed within six months.

11.20 The reservation/allotment fo flat will be made by a manual draw in the presence of the applicants, who wish to be present. No information regarding date and place for lottery shall be given individually, This information shall be published in the newspaper/on website. No request for specific flat by any applicant shall be entertained.

## 12.00 UNSUCCESSFUL APPLICANTS

12.10 With regard to the unsuccessful applicants whose deposit is lying with GDA for less than 1 year, the amount will be refunded without interest.

12.20 If the draw is held within 1 year, no interest on deposit will be given. In case the draw is held after 1 year from the start of the scheme, 3.5% simple ilnterest from the last date of registration will be given.

12.30 The registration amount shall be refunded after one month of draw online by nodal branches through Draft/Cheque or Online in unsuccessful applicants account.

## 13.00 REPRESENTAT1ON OR SUPPRESSION OF FACTS

If it is found that the applicant has given incorrect information or suppressed any material fact, the allotment will be cancelled without any communication to the applicant and he/she will be debarred from participating in future draws. Further his/her registration amount shall be forfeited.

14.00 **कब्जा**

इस योजना में भवन का कब्जा निर्धारित मुल्य का 20 प्रतिषत धनराषि एवं लीज किराया जमा कराने के उपरान्त अनुवन्ध–विलेख पंजीयन के बाद दिया जायेगा। जिसका व्यय आवंटी द्वारा वहन किया जायेगा।

14.10 आवंटी को समय समय पर लागू होने वाले समस्त म्यूनिसिपल कर एवं अन्य कर जो स्थानीय निकाय या भारत सरकार/उप्र. सरकार द्वारा नियम एवं उपनियम के अंतर्गत लगाये जाते है, का भुगतान कब्जा लेने की तिथि से समय पर जमा करना होगा।

14.20 आवंटी विद्युत कनेक्शन व पानी का कनेक्शन सम्बंधित विभागों से अपने खर्चे पर स्वयं लेगा।

15.00 **पट्टा विलेख**

आवंटी को समस्त मूल्य जमा कराने के उपरान्त 3 महीने के अंदर समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कराकर अपने खर्चे पर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रारूप में पट्टा विलेख निष्पादित एवं पंजीकृत कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा तत्समय की गई दण्डात्मक कार्यवाही आवंटी को मान्य होगी।

16.00 **भवनों का प्रयोग**

आवंटी द्वारा भवनों का प्रयोग केवल आवासीय प्रयोजन के लिए ही किया जाएगा।

17.00 **अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं**

17.10 आवंटन तक इस योजना की किसी भी शर्त में संशोधन का अधिकार उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को होगा तथा ऐसे संशोधन आवेदकों/ आवंटियों को मान्य होंगे।

17.20 तालिका 1 में दर्शाये गये भवनों के क्षेत्रफल में परिवर्तन हो सकता हैं। योजना के कब्जा के समय भवनों के क्षेत्रफल में परिवर्तन संभव है जो कि अंतिम रूप से बाद में सूचित किया जाएगा जिसे आवंटी को स्वीकार करना होगा तथा उसके अनुसार भुगतान करना होगा।

17.30 इस योजना से संबधित प्रत्येक मामले पर उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का निर्णय अंतिम होगा।

17.40 किसी भी विवाद की दशा में न्यायालय गाजियाबाद को ही अधिकार क्षेत्र प्राप्त होगा।

**उपाध्यक्ष**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

**14.00 POSSESSION**

Possession of the houses shall be given to the allottee on the payment of 20% of the premium of houses, leaserent and registration of agreement deed by him/her. The cost of sale or agreement deed shall be bome by the allottee.

14.10 Allottee shall pay all the municipal taxes and any other taxes which may be charged by Central Government or UP Govt. Any local bodies from time to time according to laws and bye-laws from the date of possession.

14.20 Allottee, himself/herself, will apply for the electricity/ water connection to the concerned department at his/her own expenses.

**15.00 LEASE DEED**

Allottee, at his her own cost must complete all all formalities and get the lease deed executet and registered in proforma prescribed by the Authority, within three months of paying full cost of the property otherwise allottee will face penal proceeding as per Laws of authority at that time.

**16.00 USE OF FLATS**

The flat shall not be used for any other purpose except residential byte allottee.

**17.00 OTHER IMPORTANT NOTICES**

17.10 Vice Chairman, Ghaziabad Development Authority, reserves the right to amend any terms and conditions of the scheme till the time of allotment and such amendment or amendments shall be acceptable and binding on the applicants/allottees.

17.20 Area of flats shown in table-1 may change at the time of actual Possession of the scheme. Changed area, will be acceptable to the allottee and payment shall be made accordingly.

17.30 Decision of the Vice-Chairman, Ghaziabad Development Authority will be final in every matter regarding this scheme.

17.40 Ghaziabad courts shall have exclusive jurisdiction in case of any disputes.

**Vice-Chairman**
**Ghaziabad Development Authority**

# तालिका–2 : आजीविका एवं उनके कोड
# TABLE-2: OCCUPATION & THEIR CODES

| आजीविका का विवरण<br>Description of Occupation | | आजीविका का कोड<br>Occupation Code |
|---|---|---|
| **SERVICE** | **सेवा** | |
| Service in State / Central Govt. | राज्य / केंद्रीय सरकार में सेवा | 10 |
| Service in Public Sector | सार्वजनिक क्षेत्र में सेवा | 11 |
| Service in Private Sector | निजी क्षेत्र में सेवा | 12 |
| Service in Armed Forces | सशस्त्र सेनाओं में सेवा | 13 |
| Service in Schools | विद्यालयों में सेवा | 14 |
| Service in College/University | महाविद्यालयों / विश्वविद्यालयों में सेवा | 15 |
| Domestic Service | घरेलू सेवा | 16 |
| Other Service | अन्य सेवा | 17 |
| **BUSINESS** | **व्यवसाय** | |
| Traders | व्यवसायी | 20 |
| Business Executive/Director | व्यवसाय कार्यकारी / निदेशक | 21 |
| Business Owner | व्यवसाय स्वामी | 22 |
| Industrialist | उद्योगपति | 23 |
| Other Business | अन्य व्यवसाय | 29 |
| **AGRICULTURE** | **कृषि** | |
| Agriculturist | कृषक | 30 |
| Farmer | किसान | 31 |
| Agriculture Labourer | कृषि मजूदर | 32 |
| **SELF EMPLOYED** | **स्वतः रोजगारी** | |
| Self Employed Doctor | स्वतः रोजगारी डॉक्टर | 40 |
| Self Employed Engineer | स्वतः रोजगारी इंजीनियर | 41 |
| Self Employed Advocate | स्वतः रोजगारी एडवोकेट | 42 |
| Self Employed Chartered Accountant | स्वतः रोजगारी चार्टर्ड एकाउन्टेंट | 43 |
| Self Employed Vendor | स्वतः रोजगारी विक्रेता | 44 |
| Self Employed Agents | स्वतः रोजगारी एजेंट | 45 |
| Other Self Employed Persons | अन्य स्वतः रोजगारी व्यक्ति | 49 |
| **DEPARTMENT / FIRM** | **विभाग / फर्म** | |
| Govt. Department | सरकारी फर्म | 50 |
| Govt. Undertaking | सरकारी निकाय | 51 |
| Limited / Pvt. Ltd. Company | लिमिटेड / प्रा. लि. कम्पनी | 52 |
| Partnership Firm | साझेदारी फर्म | 53 |
| Charitable Institution | धमार्थ संस्था | 54 |
| Other Department / Firm / Institution | अन्य विभाग / फर्म / संस्था | 59 |
| **OTHER** | अन्य | |
| Occupation not covered by above | उपर्युक्त से पृथक आजीविकाएं | 98 |

# भवनों की तालिका संख्या 1

| क्र. सं0 | योजना का नाम | योजना कोड | सम्पत्ति श्रेणी एवं वर्ग | सम्पत्ति कोड | भवनों का आच्छादित क्षेत्रफल (वर्ग मी0 में) | भवनों का अनुमानित मूल्य (₹ लाख में) | पंजीकरण राशि (₹ 50/- पंजीकरण शुल्क सहित) | | भवनो की कुल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | राज्य सरकार द्वारा घोषित आरक्षित श्रेणी हेतु (रु0) | अन्य सभी आवेदक हेतु (रु0) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | मधुबन बापूधाम योजना | 875 | Mini MIG (Four Storey) (भूतल) | 21D G/F | 67.51 | 24,18,000.00 | 1,20,950.00 | 2,41,850.00/- | 10 |
| | | | Mini MIG (Four Storey) (प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल) | 21D | 67.51 | 19,29,100.00 | 96,505.00 | 1,92,960.00/- | 34 |
| | | | LIG (Four Storey) | 31D | 41.33 | 10,80,00.00 | 54,050.00 | 1,08,050.00 | 116 |
| | | | पॉकेट एफ–2 बी.एच.के (एस+13) बहुमंजिले | 61M | 77.48 | 33,79,000 | 1,69,000 | 3,37,950 | 177 |
| 2. | इन्दिरापुरम न्यायखण्ड–3 योजना | 876 | Mini MIG (Four Storey) (भूतल) | 21D G/F | 45.405 | 41,61,700.00 | 2,08,135.00 | 4,16,220/- | 04 |
| | | | Mini MIG (Four Storey) (भूतल) | 21D G/F | 50.615 | 46,38,400.00 | 2,31,970.00 | 4,63,890/- | 07 |
| | | | Mini MIG (F/S) (प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल) | 21D | 45.405 | 28,75,500.00 | 1,43,825.00 | 2,87,600/- | 05 |
| | | | Mini MIG (F/S) (प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल) | 21D | 50.615 | 32,06,200.00 | 1,60,360.00 | 3,20,670/- | 03 |
| 03 | चन्द्रशिला (बहुमंजिले) नेहरुनगर–2 | 877 | एच.आई.जी. 2–बी.एच.के व स्टडी रुम | 61L | 105.04 | 55,93,000 | 2,79,700 | 5,59,350 | 22 |
| | | | एच.आई.जी. 2–बी.एच.के व 3 बालकनी | 62L | 81.009 | 43,14,000 | 2,15,750 | 4,31,450 | 12 |
| | | | एच.आई.जी. 2–बी.एच.के व 4 बालकनी | 63L | 84.00 | 44,73,000 | 2,23,700 | 4,47,350 | 31 |
| 04 | इन्द्रप्रस्थ (बहुमंजिले) | 878 | 1–बी.एच.के | 61M | 52.58 | 20,00,000 | 1,00,050 | 2,00,050 | 90 |
| | | | 2–बी.एच.के | 62M | 69.21 | 26,70,000 | 1,33,550 | 2,67,050 | 195 |
| | | | 2–बी.एच.के | 63M | 72.74 | 28,10,000 | 1,40,550 | 2,81,050 | 115 |
| 05 | कोयल एन्कलेव (बहुमंजिले) | 879 | 1–बी.एच.के | 61J | 54.16 | 22,40,000 | 1,12,050 | 2,24,050 | 136 |
| | | | 2–बी.एच.के | 62J | 73.39 | 30,90,000 | 1,54,550 | 3,09,050 | 397 |

नोट :

1. तलों के लिए कोई वरीयता नहीं है।
2. लाटरी एक साथ सभी तलों के भवनों को मिलाकर डाली जाएगी।
3. भवनों की संख्या घट/बढ़ सकती है।

